Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 15-12-2005
Participants : Yadav Shri Kailash Nath Singh

>

Title : Need to provide special economic package for the development of Puvanchal in Uttar Pradesh.

श्री कैलाश नाथ सिंह यादव (चन्दौली) : उपाध्यक्ष महोदय, नक्सलवाद, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों की तरह पूर्वी उत्तर प्रदेश के चन्दौली, सोनभद्र, मिर्जापुर जिलों में भी तेजी से बढ़ रहा है। उसका एकमात्र कारण यह है कि वहां के लोगों को विकास की मुख्यधारा से नहीं जोड़ा गया जिसके कारण बहकावे में आकर वे नक्सलियों का साथ दे रहे हैं। जंगलों में आदिवासी एवं आम लोगों को न पीने के पानी का इंतजाम है, न शिक्षा का और न ही जंगलों में कोई रोज़गार है। अत: आर्थिक तंगी के कारण यहां के गरीब एवं आदिवासी लोग नक्सलियों में भर्ती हो रहे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र बिहार से लगा हुआ है। इसलिये चन्दौली, सोनभद्र एवं मिर्जापुर जिलों के लिये पीने का पानी, शिक्षा एवं रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जाने अत्यंत आवश्यक हैं। उक्त जिले उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े जिलों में से हैं।

मेरे चन्दौली क्षेत्र में सिंचाई के लिये बन्धों एव नालों का ही एकमात्र सहारा है। नहरों की हालत जर्जर होने के कारण पानी खेतों तक नहीं पहुंचता। अत: किसानों की खड़ी फसलें सूख जाती हैं। जिस कारण किसान भुखमरी के कगार पर खड़ा है।

अत: मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त बन्धों, नहरों की मरम्मत के लिये केन्द्र सरकार अलग से अनुदान उपलब्ध कराये तथा उक्त जिलों की गरीब जनता को शिक्षा, पीने के पानी एव रोज़गार मुहैया कराये ताकि यहां का नवयुवक वर्ग नक्सलवाद से न जुड़ सके और पूर्वांचल के विकास में अपना पूर्ण सहयोग दे सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Arjun Sethi – not present

Shri Ajoy Chakraborty – not present